

# सिद्धार्थ-कियारा ने साझा की खुशी

**बेटी सराया की पहली झलक जारी**

बॉलीवुड के पसंदीदा और चर्चा में रहने वाले कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी निजी जिंदगी की सबसे खूबसूरत खुशी दुनिया के साथ साझा करते हुए अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा किया है. दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद दिल को छू लेने वाली तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कपल के हाथों में उनकी बेटी के नन्हे-नन्हे पैरों की झलक दिखाई दे रही है, और इसी के साथ उन्होंने बताया कि उनकी राजकुमारी का नाम सराया मल्होत्रा रखा गया है.

जैसे ही इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर कदम रखा, फैंस, सेलेब्रिटीज़ और इंडस्ट्री के कई कलाकारों ने कपल को बधाइयों की बारिश कर दी. सिद्धार्थ और कियारा ने कैप्शन में लिखा 'हमारी दुआओं से हमारी गोद में... हमारी दैवीय आशीर्वाद, हमारी राजकुमारी, सराया मल्होत्रा.' यह पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया, क्योंकि 16 जुलाई को बेटी के जन्म की घोषणा के बाद से ही फैंस सराया की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे.

सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी की खूबसूरती यह है कि इन्हें न सिर्फ ऑन-स्क्रीन बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी दर्शकों का खूब प्यार मिलता है. दोनों की मुलाकात फिल्म 'शेरशाह' की शूटिंग के दौरान हुई थी, जहां से इनका प्यार शुरू हुआ और बाद में फरवरी 2023 में राजस्थान के जैसलमेर में एक सुंदर, पारंपरिक और बेहद निजी शादी समारोह में दोनों एक-दूजे के हो गए. इनकी शादी की तस्वीरों ने भी इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोरी थीं, और अब बेटी की पहली झलक ने एक बार फिर फैंस को भावुक कर दिया है.

# श्वेता ने फिर बिखेरा ग्लैमरस का जलवा



टेलीविजन की सदाबहार ब्यूटी और फैशन आइकन श्वेता तिवारी एक बार फिर छा गई हैं. 45 की उम्र पार कर चुकी श्वेता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है और स्टाइल, कॉन्फिडेंस तथा ग्लैमर किसी भी उम्र में बरकरार रखा जा सकता है. ड्रेस की फिटिंग और डिज़ाइन श्वेता के टोन्ड कंधे और कॉलर बोन को खूबसूरती से हाईलाइट कर रही है. ऑफ-शोल्डर स्टाइल हमेशा से ग्लैमरस माना जाता है, पर श्वेता ने इसे अपने कॉन्फिडेंस, पोज़ और एटीट्यूड के साथ और भी क्लासी बना दिया है. कैमरे के सामने उनका सहज अंदाज एक बार फिर दिखाता है कि वह क्यों आज भी लाइट्स, कैमरा और पॉपुलैरिटी की दुनिया की चहेती बनी हुई हैं. श्वेता ने अपने लुक को मिनिमल पर इम्प्रेसिव मेकअप के साथ पूरा किया है सटल आई मेकअप, न्यूड शेड लिपस्टिक और ओपन हेयर ने उनके पूरे व्यक्तित्व में ताजगी का एहसास जोड़ दिया है. उनके हर पोज़ में आत्मविश्वास और एलीगेंस साफ झलकता है, और यही चीज़ उनके फैंस को सबसे ज्यादा पसंद आती है.



# बड़े पर्दे पर फिर चमकेगी रणबीर-दीपिका की जोड़ी

बॉलीवुड के गलियारों में इन दिनों एक ऐसी खबर हलचल मचा रही है, जिसे सुनते ही फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं. पूरे दस साल बाद रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने लौट रही है. यह वो जोड़ी है जिसने 'ये जवानी है दीवानी' और 'तमाशा' जैसी यादगार फिल्मों के जरिए दर्शकों को हंसा भी दिया, रुला भी दिया और प्यार में दोबारा यकीन दिला दिया. खास बात यह है कि इस मैजिकल पेयर को पर्दे पर वापस लाने की जिम्मेदारी किसी और ने नहीं, बल्कि उनके पुराने दोस्त और सुपरहिट डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने उठाई है. एक दौर की वापसी जैसा महसूस कराया जा रहा है. क्योंकि रणबीर-दीपिका की स्क्रीन केमिस्ट्री ने हर बार दर्शकों के दिलों पर जादू चलाया है.

इस प्रोजेक्ट को लेकर सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसका निर्देशन अयान मुखर्जी करेंगे, जिन्होंने इस जोड़ी को 'ये जवानी है दीवानी' में आइकॉनिक हिट दिया था. अंदर की खबरें बताती हैं कि फिल्म का प्लॉट राज कपूर और नरगिस की 1956 की क्लासिक 'चोरी-चोरी' से प्रेरित होगा. हालांकि कहानी की स्ट्रक्चर पूरी तरह रीमेक नहीं होगी, बल्कि इसे आज के दौर की सोच, भाषा और भावनाओं से सजाया जाएगा.

एक अमीर लड़की का फरार होना, एक जिद्दी रिपोर्टर से उसका टकराव और फिर धीरे-धीरे पनपता रिश्ता—इन सबको नए अंदाज में पेश किया जाएगा. सूत्रों के मुताबिक, रणबीर इस फिल्म के साथ ऋ फिल्म्स बैनर को फिर से एक्टिव करने की योजना बना रहे हैं. यह उनके लिए एक निजी भावनात्मक प्रोजेक्ट है, जो परिवार की विरासत को आधुनिक सिनेमा से जोड़ने का प्रयास भी है.

# ड्रामा और सर्दियों की मस्ती से भरा धमाकेदार हफ़्ता

**एण्ड टीवी** के 'भाबीजी घर पर हैं' और 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इस हफ्ते जलन, विरोध, भावनाओं के उतार-चढ़ाव और सर्दियों की मजेदार कॉमेडी का धमाका देखने को मिलेगा. भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुए शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, 'इस हफ्ते कई दिलचस्प मोड़ देखने को मिलेंगे. सक्सेना (सानंद वर्मा) एक अजीब सा टॉक शो शुरू करता है, लेकिन मामला तब बिगड़ जाता है जब वह सबके सामने विभूति (आसिफ शेख) की बेइज्जती कर देता है. बेहद दुखी और गुस्साये विभूति की अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) से बहस हो जाती है और वह लखनऊ जाने का फैसला कर लेता है. इधर, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अनजाने में अंगूरी को आलसी कह देता है, जिससे वह बेहद आहत होती है. अनीता के प्रोत्साहन पर अंगूरी अपने सम्मान के लिए 'गृहिणी सशक्तिकरण' का विरोध शुरू करती है.

सक्सेना की मीडिया इस आंदोलन को इतना बढ़ा देती है कि यह एक बड़ा सार्वजनिक अभियान बन जाता है. जैसे-जैसे मामला तूल पकड़ता है, राजनीतिक पार्टियाँ एमएपी और एसएपी अंगूरी को अपने पक्ष में करने की कोशिश करती हैं. हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब दबाव बनाने के लिए एक पार्टी तिवारी का अपहरण कर लेती है. निजी तकलीफ, जनता की उम्मीदों और राजनीति की चालों के बीच फँसी अंगूरी एक कठिन स्थिति में पहुँच जाती है. अब सवाल यह है कि क्या अंगूरी अपने सिद्धांतों पर कायम रहेगी या राजनीतिक पार्टियाँ उसके आंदोलन को अपने फायदे के लिए मोड़ देंगी?' 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बात करते हुए गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश कहती हैं, 'इस हफ्ते की कहानी सर्दियों की ठिठुरन के साथ शुरू होती है.

## गंगा माई की बेटियां में बढ़ा तनाव

**ज़ी टीवी** का पॉपुलर शो 'गंगा माई की बेटियां' अब अपने सबसे तनाव भरे दौर में पहुंच रहा है. चालाक इंदुरानी गंगा माई की जिंदगी पर अपनी पकड़ और मजबूत करने की तैयारी में है. वो गंगा माई का घर और उनका ढाबा छीनने की कोशिश में लगी है. ढाबा सिर्फ कमाई का जरिया नहीं है, यह गंगा माई की उम्मीद है. यही उनकी तीनों बेटियों की पढ़ाई और परवरिश का सहारा है. हर खाना जो वो बनाती हैं, हर ग्राहक जिसे वे परोसती हैं, उनकी बेटियों के अच्छे भविष्य से जुड़ा है. ढाबा खो देना मतलब उनका आधार, उनकी इज्जत और उनकी मेहनत से जुड़े सपने खो देना.


गंगा माई (शुभांगी लाटकर) पर इंदुरानी और उनके अलग हुए पति मनोहर का दस लाख रुपए का कर्ज़ है. मनोहर वही इंसान है जिसने सिर्फ इसलिए गंगा माई को छोड़ दिया था क्योंकि वो बेटा पैदा नहीं कर सकीं. अब मनोहर ने इंदुरानी से शादी कर ली है. इंदुरानी मामले को पंचायत तक ले जाती है और दुर्गावती (इंदिरा कृष्णा), जो इलाके की सबसे असरदार और सख्त महिला मानी जाती है, को इस मामले की जिम्मेदारी लेने के लिए कहती है. दुरगावती के सामने यह फैसला होना गंगा माई की दुनिया को बदल सकता है.

## किरदार निभाते हुए मैं अपने पेरेंट्स के करीब आ गया : अभिषेक शर्मा

**ज़ी टीवी** का 'वसुधा' आज भारतीय टेलीविजन पर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले शोज़ में शामिल है. कहा नी की पकड़, किरदारों की गहराई और घटनाओं का असर दर्शकों को लगातार जोड़े रखता है. सिर्फ दर्शक ही न हीं, कई बार कलाकार भी कहानी से उतनी ही गहराई से जुड़ जाते हैं.

हाल ही में देवांश की भूमिका निभा रहे अभिषेक शर्मा ने सेट पर एक ऐसा पल महसूस किया जो कैमरे के परे जाकर उन पर असर छोड़ गया. अभिषेक ने कहा एक सीन था जिसमें देव चंद्रिका के सामने टूट जाता है और उससे पूछता है कि वो उससे बात क्यों नहीं कर र ही. यह सीन तो बहुत भावुक तरह से लिखा गया था, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह मुझे निजी तौर पर छू जाएगा. टेक के बाद मैं अपने कमरे में गया और सचमुच रो पड़ा. मैं आमतौर पर ऐसा नहीं करता. देव की तक लीफ में कुछ ऐसा था, जिसने मुझमें भी कुछ जगा दिया. पैक-अप होते ही मैंने सबसे पहले अपने माता- पिता को फोन किया... और मैं ऐसा बहुत कम करता हूं. उसी पल समझ आया कि देव का सफर कहीं न कहीं मु झ पर भी असर डाल रहा है.'

# अक्षय-साजिद की जोड़ी फिर लौटेगी




बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार एक बार फिर निर्देशक साजिद खान के साथ काम करते नजर आ सकते हैं. लंबे समय बाद साजिद खान किसी बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं और इंडस्ट्री में चर्चा है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार उनकी पहली पसंद बन चुके हैं. अक्षय कुमार फिलहाल कई फिल्मों की शूटिंग और प्रमोशन में व्यस्त हैं.

वह 'भूत बंगला', 'हैवान' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्मों पर एक साथ काम कर रहे हैं. इसी बीच खबर है कि अक्षय एक नए बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले हैं, जिसे लेकर बॉलीवुड में उत्सुकता बढ़ गई है. सूत्रों के अनुसार, अक्षय कुमार और साजिद खान की यह नई फिल्म एक एंटरटेनमेंट पैकेज होगी, जिसकी तैयारी पर गुप्त रूप से काम चल रहा है. अक्षय और साजिद की जोड़ी पहले 'हाउसफुल', 'हाउसफुल 2' और 'हे बेबी' जैसी सफल फिल्मों में साथ काम कर चुकी है. इस बार भी फैंस को इसी तरह की कॉमेडी और मसालेदार मनोरंजन की उम्मीद है.

कहा जा रहा है कि इस फिल्म के जरिए साजिद खान लंबे अंतराल के बाद मेनस्ट्रीम फिल्ममेकिंग में वापसी करने जा रहे हैं. इस फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी और इसकी प्री-प्रोडक्शन पर तेजी से काम चल रहा है. प्लानिंग के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जुलाई 2026 में शुरू की जाएगी. यदि सब कुछ योजना के अनुसार चलता है, तो फिल्म को साल 2027 में रिलीज़ किया जाएगा.

## रणवीर ने इफ्फी पर किया रजनीकांत का सम्मान



56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी 2025) का मंच उस समय इतिहास के सबसे यादगार पलों में बदल गया जब बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत से मुलाकात की.

रजनीकांत को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूरे होने पर विशेष सम्मान दिया गया और इसी समारोह में जब रणवीर सिंह स्टेज पर पहुंचे, तो उन्होंने पूरी विनम्रता से रजनीकांत को प्रणाम किया और कहा 'मैं इतना बड़ा नहीं हूँ कि इतनी महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकूँ...' उनकी यह पंक्ति सुनते ही हॉल तालियों से गूंज उठा. यह केवल एक मुलाकात नहीं थी, बल्कि भारतीय सिनेमा के दो अलग-अलग युगों और दो महान क्रिएटिव ऊर्जा का ऐसा संगम था जिसने इवेंट के माहौल को रोमांचित कर दिया. कैमरों की फ्लैश लाइट्स लगातार चमकती रहीं, फैन्स की खुशी दोगुनी हो गई और ऐसा लगा जैसे यह पल सिनेमा इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज होने जा रहा हो. रजनीकांत अपनी सादगी, मुस्कुराहट और जमीन से जुड़े स्वभाव के लिए जाने जाते हैं.






# आयओसीएल अपरेंटिस भर्ती शुरू, 2755 पदों पर आवेदन

**भारतीय** तेल निगम लिमिटेड (आयओसीएल) ने रिफाइनरी डिवीजन में ट्रेड, टेक्नीशियन और ग्रेजुएट अपरेंटिस के कुल 2755 पदों के लिए बड़ी भर्ती अधिसूचना जारी कर दी है. आवेदन प्रक्रिया 28 नवंबर 2025 से शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 18 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आयओसीएल ने स्पष्ट किया है कि इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होगी, हालांकि आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी. आवेदन शुल्क सभी वर्गों के लिए शून्य रखा गया है, यानी कोई भी उम्मीदवार बिना किसी शुल्क के आवेदन कर सकता है. इस भर्ती में देश की प्रमुख रिफाइनरियों में बड़ी संख्या में अवसर उपलब्ध हैं, जिनमें गुजरात रिफाइनरी के 583 पद, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के 707 पद, मथुरा के 189 पद, बरौनी के 313 पद, हल्दिया के 216 पद, डिग्बोई के 110 पद, पारादीप के 413 पद, बोंगाईगांव के 142 पद और गुवाहाटी रिफाइनरी के 82 पद शामिल हैं.

इन पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास संबंधित ट्रेड के अनुसार आईटीआई, बारहवीं पास योग्यता, डिप्लोमा या स्नातक की डिग्री होना आवश्यक है. चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी और उम्मीदवारों के प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची 27 दिसंबर 2025 को जारी की जाएगी. इसके बाद सफल उम्मीदवारों का दस्तावेज़ सत्यापन 2 से 7 जनवरी 2026 के बीच होगा और अंत में मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा. आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को आयओसीएल की आधिकारिक वेबसाइट 'आयओसीएल डॉट कॉम' पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा, जबकि महत्वपूर्ण लिंक सेक्शन में उपलब्ध 'क्लिक हियर' विकल्प के माध्यम से भी सीधा आवेदन किया जा सकता है.

# पहली नौकरी का मंत्र

# पहले स्किल्स, फिर अवसर

**आज** के दौर में नौकरी की दौड़ जितनी तेज़ हो गई है, उतनी ही ज़रूरी हो गया है कि युवा अपनी स्किल्स को पहचानें और उन्हें मजबूत बनाएं. डिग्री की महत्वता अपने स्थान पर है, लेकिन आज कंपनियाँ केवल डिग्री नहीं, बल्कि काम करने की क्षमता, व्यवहार और तकनीकी दक्षता को देखकर ही उम्मीदवार चुनती हैं. इसलिए नौकरी की तलाश शुरू करने से पहले हर युवा को खुद से एक सवाल ज़रूर पूछना चाहिए—मेरे भीतर ऐसी कौन-सी स्किल्स हैं, जो मुझे दूसरों से अलग बनाती हैं?

सबसे पहली जरूरत है कम्युनिकेशन स्किल की, जो हर क्षेत्र में सफलता का आधार है. साफ़, स्पष्ट और प्रभावी संवाद न केवल इंटरव्यू में बल्कि कार्यस्थल पर भी आपकी पहचान मजबूत करता है. इसके बाद आती है डिजिटल स्किल्स—जैसे बेसिक कंप्यूटर ऑपरेशन, डेटा हैंडलिंग, एक्सेल, ऑनलाइन टूल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग. आधुनिक समय में इनकी जानकारी न होने पर युवा पीछे छूट जाते हैं.



इसके साथ ही क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग आज हर नौकरी की पहली जरूरत है. कंपनियाँ ऐसे उम्मीदवार चाहती हैं जो समस्याओं का हल ढूंढ सकें, नए समाधान सोच सकें और दबाव की स्थिति में भी बेहतर निर्णय ले सकें. एक और महत्वपूर्ण स्किल है टीमवर्क और लीडरशिप, क्योंकि किसी भी संगठन में अकेले काम नहीं होता; टीम के साथ तालमेल बैठाना, जिम्मेदारी निभाना और दूसरों को प्रेरित करना आपको आगे बढ़ाता है. युवाओं को टाइम मैनेजमेंट और डिसिप्लिन पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि काम समय पर पूरा करना और अपने दिन को योजनाबद्ध तरीके से चलाना सफलता की कुंजी है.

तकनीकी क्षेत्र से जुड़े युवाओं के लिए कोडिंग, एनालिटिक्स, एआई, मशीन लर्निंग जैसी स्किल्स तेजी से भविष्य बदल रही हैं, जबकि मैनेजमेंट क्षेत्र के युवाओं के लिए मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन, सोशल मीडिया रणनीति, सेल्स और कस्टमर हैंडलिंग जैसी स्किल्स बेहद काम की हैं. नई नौकरी ढूंढने वालों को यह भी समझना चाहिए कि अब कंपनियाँ केवल स्किल्स ही नहीं, बल्कि लगातार सीखने की क्षमता यानी लर्निंग एटिट्यूड को भी महत्व देती हैं. जो युवा नई चीजें सीखने को तैयार रहते हैं, वे हमेशा आगे निकल जाते हैं. कुल मिलाकर, आज नौकरी केवल योग्यता का नहीं, बल्कि सही स्किल्स का खेल है.

# आरआरसी एनआर अप्रेंटिस भर्ती 2025

**रेलवे** भर्ती सेल (उत्तर रेलवे), नई दिल्ली ने आरआरसी एनआर अप्रेंटिस भर्ती 2025 की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इस भर्ती के तहत कुल 4116 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. आवेदन प्रक्रिया 25 नवम्बर 2025 से शुरू होकर 24 दिसम्बर 2025 तक चलेगी. इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष तय की गई है. नियमानुसार आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में छूट भी दी जाएगी. आवेदन शुल्क के अनुसार सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 100 रुपये शुल्क लगेगा, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ईबीसी, महिला और ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए शुल्क शून्य रखा गया है.

शुल्क भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई से किया जा सकेगा. योग्यता के अनुसार उम्मीदवार का 10वीं पास होना अनिवार्य है और संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र या भारत के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से समकक्ष योग्यता होनी चाहिए. चयन प्रक्रिया में शॉर्टलिस्टिंग, दस्तावेज़ सत्यापन, चिकित्सा परीक्षा और अंतिम चयन शामिल हैं. प्रारंभिक वेतन या मासिक वेतन 7000 से 10,000 रुपये निर्धारित किया गया है. आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को आरआरसी एनआर अप्रेंटिस अधिसूचना 2025 ध्यानपूर्वक पढ़नी चाहिए.

# सीजीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2025

# नोटिफिकेशन जारी, 238 पदों पर भर्ती

**छत्तीसगढ़** लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा (एसएसई) 2025 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. आयोग ने जानकारी दी कि आवेदन प्रक्रिया 1 दिसम्बर दोपहर 12 बजे से शुरू होगी और 30 दिसम्बर रात 11:59 बजे तक चलेगी. इस भर्ती अभियान के तहत कुल 238 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी.

प्रीलिम्स परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित होगी, जबकि मेन्स परीक्षा 16, 17, 18 और 19 मई 2026 को होगी. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं. आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे. किसी भी प्रकार का ऑफलाइन फॉर्म मान्य नहीं होगा. इसके अलावा, उम्मीदवारों को फॉर्म भरते समय अपनी जानकारी नाम, श्रेणी, संपर्क विवरण और शैक्षणिक योग्यता बिल्कुल सही भरने की सलाह दी गई है, क्योंकि अंतिम सबमिशन के बाद इन महत्वपूर्ण विवरणों में सुधार की अनुमति नहीं है.




आवेदन शुल्क भी तय किया गया है अन्य राज्य के अभ्यर्थियों और सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से 400 रुपये, जबकि छत्तीसगढ़ के आरक्षित वर्ग से 300 रुपये शुल्क लिया जाएगा. सुधार शुल्क 500 रुपये रहेगा. शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम, यानी डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई से किया जा सकेगा. उम्र सीमा की बात करें तो अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष रखी गई है. हालांकि नियमानुसार आयु में छूट भी दी जाएगी. शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पास होना आवश्यक है.

सीजीपीएससी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अभ्यर्थी अपने दस्तावेज—फोटो, हस्ताक्षर और प्रमाणपत्र—सही फॉर्मेट में अपलोड करें. अधूरे फॉर्म स्वत: खारिज कर दिए जाएंगे. प्रीलिम्स परीक्षा केवल पात्रता तय करेगी, जबकि अंतिम चयन मेन्स और साक्षात्कार के अंकों पर आधारित होगा. उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि आवेदन करने से पहले पूरा नोटिफिकेशन ध्यान से पढ़ें और नियमों के अनुरूप ही आवेदन करें. आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन लिंक 1 दिसम्बर से सक्रिय हो जाएगा.